खास-खबरें

## आक्सफोर्ड स्कूल के स्पोर्ट्स शिक्षक मध्यप्रदेश टीम के कोच नियुक्त



**सीहोर।** दी आक्सफोर्ड स्कूल सीहोर के खेल शिक्षक सुमित शर्मा का 68वीं राष्ट्रीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में लोक शिक्षण संचालनालय, म.प्र. भोपाल द्वारा म.प्र. राज्य की बास्केट बॉल टीम के कोच नियुक्त किया गया। 68वीं राष्ट्रीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता सेंट जोसफ इंजिनियरिंग एण्ड टेक्नालॉजी कालेज, चैन्नई (तमिलनाडु) में आयोजित हुयी। उक्त प्रतियोगिता में शास. सीएम राईज विद्यालय मण्डी सीहोर से दल प्रबंधक महेन्द्र बाथम, आक्सफोर्ड स्कूल से कोच सुमित शर्मा एवं शास. सीएम राईज विद्यालय मण्डी सीहोर से मैनेजर मीनल सोलंकी व सहायक अर्चना सालोदिया के नेतृत्व में म.प्र. राज्य की बास्केट बॉल टीम ने बेहतरिन प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन एवं समस्त शिक्षकगण व विद्यार्थियों ने खेल शिक्षक को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## राजस्व महा अभियान 2.0 में उत्कृष्ट कार्य पर सम्मानित

**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने राजस्व महा अभियान 2.0 अंतर्गत क्रियान्वित कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिले की सभी 12 तहसीलों को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है। राजस्व महाभियान अंतर्गत क्रियान्वित कार्यों की जारी प्रदेश स्तरीय ग्रेडिंग सूची में विदिशा जिले की ग्यारसपुर तहसील ने 7वीं रैंक हासिल की है, जबकि कुरवाई तहसील ने 11वीं, गुलाबगंज तहसील ने 12वीं, नटेरन तहसील ने 19वीं, पठारी तहसील ने 24वीं, सिरोंज तहसील ने 30वीं, शमशाबाद तहसील ने 34वीं, विदिशा तहसील ने 40वीं, बासौदा तहसील ने 42वीं, त्योंदा तहसील ने 43वीं, लटेरी तहसील ने 98वीं और विदिशा नगरीय तहसील ने 155वीं रैंक हासिल की है। जिले की सभी तहसीलों में राजस्व महाभियान अंतर्गत नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती, सीमांकन, चिन्हांकन, नक्शा बटांकन और आधार आरओ लिकिंग के कार्यों में उत्कृष्ट कार्यों का संपादन किया गया।

## रेडरिबन क्लब की प्रतियोगिताओं का हुआ पुरस्कार वितरण

**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के अंतर्गत रेड रिबन क्लब के अंतर्गत एड्स एवं रक्तदान जैसे गंभीर विषय पर आयोजित निबंध स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजरी अग्निहोत्री एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर जी एल जैन द्वारा किया गया। इसके साथ ही भारतीयम एनजीओ संस्था से आए श्री अरविंद गुप्ता जी ने सर्वप्रथम छात्राओं को डेंगू मलेरिया एवं चिकनगुनिया से बचने के उपाय को बताते हुए कहा कि इलाज से बेहतर रोकथाम है। अतः यदि हम सावधानी बरते तो इस गंभीर बीमारी से न केवल अपने घर बल्कि आसपास के घरों में गांव में इस बीमारी को फैलने से बचा सकते हैं। उनके द्वारा डेंगू जागरूकता अभियान के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता में सहभागिता करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# हिन्दू उत्सव समिति के चुनाव में दिनेश अध्यक्ष चुने गए

### वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए अंशुल वर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए अंकुर चौहान, सचिव पद के लिए सचिन शांडिल्य, सह सचिव पद के लिए राजू ठाकुर चुने गए



**बरेली।** 16 फरवरी को रामलीला मैदान बरेली में गहमागहमी के माहौल में चुनाव संपन्न हुए। सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक हिन्दू उत्सव समिति मतदाता सूची में जिनका नाम है, उन्होंने अपने मतदाधिकार का प्रयोग किया। 700 मतदाताओं में से 579 मतदाताओं ने अपने मतदाधिकार का प्रयोग किया है।

अध्यक्ष पद के लिए 06 प्रत्याशी मैदान में थे, सुबह से ही उनके समर्थक उनके पक्ष में मतदान करवाने के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। अध्यक्ष पद के चुनाव में विजयी प्रत्याशी दिनेश बबेले को सबसे ज्यादा 167 वोट मिले, उनके प्रतिद्वंदि लक्ष्मी रैकवार को 134 वोट, संतोष राय को 115 वोट, संजय शर्मा को 102 वोट, कैलाश मिश्रा को 30 वोट, अशोक पटेरिया को 20 वोट ही मिल पाए। देर रात में परिणाम घोषित हुए जिसमें 33 वोट से दिनेश नारायण बबेले हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष चुने गए। उनकी जीत पर उपस्थित लोगों ने उनका फूलमालाओं के साथ मिठाई खिलाकर एक-दूसरे का अभिवादन किया। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए अंशुल वर्मा जिनको 396 वोट मिले, दूसरे प्रत्याशी सुरेन्द्र पटवा को 91, राकेश दुबे को 84 वोट ही मिल पाए। अंशुल वर्मा भारी मतों के अंतर से विजयी घोषित किए गए। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए नीलेश मालवीय एवं अंकुर चौहान में कड़ा मुकाबला देखने को मिला जिसमें 22 वोटों से अंकुर चौहान विजय हुए। सचिव पद के लिए जो कि समिति के महत्वपूर्ण पद होता है जिसमें तीन प्रत्याशी मैदान में थे। लक्ष्मी पुरिया जिन्हे 17 वोट, शारदा सराठे को 246 वोट, विजेता रहे सचिन शांडिल्य को 306 वोट मिले। वह लगभग 60 वोटों से सचिव पद पर निर्वाचित किए गए। सह सचिव पद के लिए गोविंद डागर को 51, राजकुमार ठाकुर को 219, राजू ठाकुर को 300 वोट मिले, जिसमें राजू ठाकुर जीतने में सफल रहे। कार्यकारणी पद के लिए 12 लोग को चुनाव मैदान में थे जिसमें 09 लोग विजयी घोषित किए गए। जिनहे क्रमशः इतने वोट मिले हैं। जीतेन्द्र भावसार को 322, मनोज साहू को 277, वरिष्ठ समाजसेवी रमेश सराठे को 273, हाकम सिंह धाकड़ को 250, गोविंद धाकड़ को 249, विनोद शर्मा को 248, राकेश भावसार को 247, विजय सोनी को 231, मनीष मदरवंशी को 227 वोटों के साथ यह सभी प्रत्याशी विजयी घोषित किए गए। सुरेन्द्र खजूरिया, माधव शरण घुरे, राजेश डागोर को कम मत मिलने के कारण हार का सामना करना पड़ा।

नव निर्वाचित अध्यक्ष दिनेश बबेले ने समस्त मतदाताओं एवं समर्थकों का जताया आभार : नव निर्वाचित अध्यक्ष दिनेश नारायण बबेले सुबह से ही अपने समर्थकों और मतदाताओं का आभार व्यक्त करने उनके घर-घर जा रहे हैं। उनका आभार व्यक्त कर रहे हैं।

वरिष्ठ समाजसेवी राजीव पालीवाल के काम्पलेक्स पर अध्यक्ष एवं नव निर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ स्वागत-सम्मान : वरिष्ठ समाजसेवी राजीव पालीवाल के जो कि बरेली नगर ही नही पूरे क्षेत्र में एक चिरपरिचित नाम है। जिनका अपना जनाधार है। उनके निवास पर नव निर्वाचित अध्यक्ष दिनेश बबेले, वर्तमान अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, सचिव सचिन शांडिल्य, वरिष्ठ समाजसेवी कार्यकारणी में नव निर्वाचित रमेश सराठे का फूलमालाओं के साथ स्वागत किया गया। वहीं बस स्टेंड पर ब्राह्मण समाज के द्वारा अध्यक्ष के साथ समस्त पदाधिकारियों का ढोल-नगाढ़ों के साथ स्वागत किया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष दिनेश बबेले एवं समस्त पदाधिकारियों को समिति के समस्त मतदाताओं के साथ मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पेटेल, पूर्व विधायक देवेन्द्र सिंह पटेल, पूर्व विधायक रामकिशन पटेल, पूर्व विधायक भगवान सिंह राजपूत, नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश पाठक, पूर्व बाड़ी ब्लाक के जनपद अध्यक्ष श्रवण सिंह पटेल, नगर परिषद उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, व्यापार महासंघ अध्यक्ष हीरेन्द्र मालवीय, प्रिंसटन कालेज के संचालक महेन्द्र सिंह ठाकुर, एमपी आदर्श स्कूल के संचालक राजेन्द्र सिंह ठाकुर, विशाल सिंह एडवोकेट, राजेश पटेल भिलाड़िया, किराना व्यवसायी बृजमोहन राय, वरिष्ठ अधिवक्ता नर्मदा वर्मा, जिला केमिस्टऐसोसिएशन के अध्यक्ष अजीत धारीवाल, राकेश राठी, नवल किशोर शर्मा, वर्तमान अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार संतोष रिछारिया, पूर्व अध्यक्ष भीकम राय, अमित राय, विजय राजौरे, प्रमोद जैन, राजीव तारण, संतोष मालवीय, संजय शर्मा, महेश वर्मा, राजेन्द्र सिंह धाकड़, अनिल वर्मा, लीलाधर साहू, पवन सिलावट, ब्रजेश श्रीवास्तव, प्रदीप पाठक, प्रकाश श्रीवास्तव, हुकम सिंह ठाकुर, रमेश चौहान, अमित पटेल, अमित राजपूत, रज्जन श्रीवास्तव, रोहित पुरोहित, शैलेन्द्र सराठे, राजू सराठे, जगदीश सेन, भूपत सिंह ठाकुर, राकेश ठाकुर, मारूति द्विवेदी, रवि पुरोहित सहित अन्य प्रबुद्धजनों ने नव निर्वाचित हिन्दू उत्सव समिति के समस्त पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

**इनका कहना है:**

मैं समस्त मतदाता बंधुओं का आभार व्यक्त करता हूं, उनको नमन करता हूं, इस चुनाव में न कोई हारा है, न कोई जीता है। हम सभी परिवार का हिस्सा हैं, बरेली नगर के सभी वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में हिन्दू उत्सव समिति के धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे, हिन्दुत्व एवं सनातन धर्म के लिए सभी लोग मिलकर अच्छे धार्मिक कार्य करेंगे।

**दिनेश बबेले,** नव निर्वाचित अध्यक्ष

## अनुबंधित निजी अस्पताल आयुष्मान से मिलने वाली सभी सेवाएं मरीजों को प्रदान करें : कलेक्टर

**मंदसौर। कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की डीजीआरसी कमेटी की बैठक सुशासन भवन स्थित सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने निजी अस्पतालों को निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे अस्पताल जो आयुष्मान के लिए अनुबंधित है, वे अस्पताल आयुष्मान की सभी सेवाएं प्रदान करें। आयुष्मान के माध्यम से जितनी भी बीमारियों का इलाज किया जाता है उन सभी सेवाओं को प्रदान करें।**

सिर्फ नाम के लिए एक या दो सेवाओं को प्रदान न करके सभी सेवाएं दे। अगर सेवाएं नहीं है तो सेवाओं को जोड़ने के लिए आवेदन करें। आयुष्मान के लिए जो रिक्वायरमेंट पूरी होनी चाहिए वह सभी रिक्वायरमेंट पूरी करें। आम लोगों को आयुष्मान से मिलने वाली सभी सेवाओं के बारे में जानकारी दें। इसके लिए अस्पताल में हेल्पडे डेस्क स्थापित करें। जहां पर मरीजों को आयुष्मान में मिलने वाली सभी सेवाओं की जानकारी मिलेगी। सभी सेवाओं का सूचना बोर्ड अस्पताल में चस्पा करें। अस्पतालों में हेल्पडे डेस्क को सुदृण करें। जहां पर मरीज के आने पर तुरंत मरीज का आधार कार्ड और समग्र आईडी लें और चेक करें कि, मरीज आयुष्मान का हितग्राही है या नहीं।

अगर आयुष्मान का हितग्राही है तो मरीज से ओपीडी फीस नहीं लेवे। आयुष्मान हितग्राही से ओपीडी की फीस नहीं लेना है। क्योंकि ओपीडी की फीस का भी भुगतान आयुष्मान कार्ड के माध्यम से सरकार द्वारा किया जाता है। साथ ही अगर कोई आयुष्मान का हितग्राही है और निजी अस्पताल में भुगतान करके अपना इलाज कराना चाहता है तो इस संबंध में सबसे पहले आयुष्मान भोपाल को सूचित करें कि, उक्त व्यक्ति आयुष्मान का हितग्राही होकर स्वयं पैसे देकर इलाज करवाना चाहता है। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चौहान, निजी अस्पताल के प्रबंधक, डॉ, मैनेजर मौजूद थे। जिला अस्पताल में जिन सेवाओं के डॉक्टर नहीं है, अगर कोई निजी अस्पताल के डॉक्टर या कोई स्पेशलिस्ट डॉ अगर उन सेवाओं के बदले सेवा देना चाहते हैं, तो उन डॉक्टर को आयुष्मान पैकेज रेट के अनुसार भुगतान किया जाएगा। जिले में निजी अस्पतालों के द्वारा प्रसव ऑपरेशन के माध्यम से अधिक से अधिक कराए जाने के मामले सामने आ रहे हैं। उक्त संबंध में जांच चल रही है। जांच में दोषी पाए जाने पर अस्पताल एवं संबंधित डॉ के विरुद्ध कार्यवाही होगी।

टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिले में 100 दिवसीय अभियान लगातार चल रहा है। उक्त अभियान में निजी अस्पताल ज्यादा से ज्यादा ओपीडी के मरीजों को एक्स-रे के लिए जिला अस्पताल में रेफरल करें। प्रतिदिन की रिपोर्ट भेजें। ओपीडी और एक्स रे के बीच में जो गैप है उसको कम करें।

## शासकीय ललित कला महाविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन हुआ

**जबलपुर।** शा. ललित कला महाविद्यालय एवम् संस्कार भारती जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में भरत मुनि स्मृति दिवस के अवसर पर चित्रकला, नाटक, संगीत, नृत्य, और अभिनय के विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। विविध भारतीय कला के विद्यार्थियों और कला साधकों के लिए भरत मुनि के नाट्य शास्त्र का अध्ययन के प्रति ध्यान आकर्षण करना जिसमें मुख्य वक्ता आशीष पाठक, लेखक निर्देशक एवम् अभिनय प्रशिक्षक, निर्देशक समागम रंगमंडल, जबलपुर म. प्र.ने भरत मुनि के नाट्य शास्त्र के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की तथा उन्होने बताया कि रंगमंच पर प्रस्तुत किए जाने वाले अभिनय में समय किस तरह योगदान देता है तथा नाटक पात्र किस प्रकार आलंबन से उद्दीपन विभाव को जोड़ने का कार्य करता है। उन्होने चार वेदों में पांचवा वेद नाट्य शास्त्र बताया। जिसकी रचना भरत मुनि ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संस्कार भारती जबलपुर की जिला अध्यक्ष श्रीमति माला सिंह जिला मंत्री श्री प्रभात दुबे जी संस्कार भारती के सदस्य एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ राजलक्ष्मी त्रिपाठी, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# परिवार संगठन के अभिभावक संघों की दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक संपन्न

### भारतीय सांख्यिकी संस्थान, कोलकाता में देश भर के 375 प्रतिभागी हुए शामिल



**नागदा।**

**बौद्धिक दिव्यांगजनों के अभिभावक संगठनों के महासंघ परिवार एनसीपीओ द्वारा उनके अभिभावकों की दो दिवसीय राष्ट्रीय बैठक का आयोजन भारतीय सांख्यिकी संस्थान, कोलकाता में किया गया। यह कार्यक्रम परिवार बंगाल स्टेट फेडरेशन के सहयोग एवं राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान के प्रयोजन में आयोजित हुआ।**

परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ पंकज मारू ने बताया कि इस अधिवेशन में 21 राज्यों से जुड़े 310 संगठनों के 375 से अधिक अभिभावकगण, पुनर्वास विशेषज्ञ एवं सेल्फ एडवोकेट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य विषय सशक्त परिवार बनाने की ओर रणनीति और समर्थन तंत्र था।

दूसरे दिन सामुदायिक समावेशन के लिए अनुकूल सामाजिक व्यवहार पर पैनल चर्चा में डॉ. अमृता पांडा, डॉ. सुदेशना चौधरी, सुमित अग्रवाल और अविक मुखर्जी ने भाग लिया। माता-पिता और पेशेवर दृष्टिकोण से सहायता प्राप्त करना पर मेरी बारुआ ने अपने विचार प्रस्तुत किए। आभासी वास्तविकता आधारित डिजिटल लर्निंग एड्स पर मौलाना आज़ाद उर्दू विश्वविद्यालय की उम्मे सलमा और फरीहा राशीद ने प्रस्तुति दी। न्यूरो डाइवर्जेंट आबादी के लिए सरकारी योजनाओं एवं नीतियों की पहुंच पर डॉ. पंकज मारू ने विस्तार से प्रस्तुति दी। उन्होंने बौद्धिक दिव्यांगजनों के लिए केंद्र सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी, जिससे अभिभावकों को उनके अधिकारों और लाभों के बारे में जागरूक किया जा सके।

जमीनी स्तर के अभिभावक आंदोलन को सशक्त बनाना और सतत विकास के लिए माइक्रो व्यवसायों के मॉडल पर कर्नल (डॉ.) वी. के. गौतम, माधवी गुप्ता और सुदीप गोयल ने चर्चा की। कार्यक्रम के समापन सत्र में देश में अभिभावक आंदोलन को मजबूत बनाने के लिए आगे की राह पर खुली चर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम में परिवार के पूर्व अध्यक्ष कर्नल वी. के. गौतम, राष्ट्रीय महासचिव सुदीप गोयल, कार्यकारिणी सदस्य गण, अभिभावक गण, एवं सेल्फ एड्वोकेट्स उपस्थित रहे।

## सीएम हेल्पलाइन की वर्तमान रैंकिंग सूची में विदिशा चौथे स्थान पर



**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान स्थिति में सीएम हेल्पलाइन की जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग सूची में विदिशा जिला चौथे स्थान पर है। आगामी तीन दिवस प्रदेश स्तरीय ग्रेडिंग रैंकिंग सूची जारी होगी। इस सूची में विदिशा जिले को किसी भी स्थिति में पिछड़ना नहीं चाहिए।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत 50 दिवस एवं जनवरी माह की दर्ज शिकायतों की विभागवार समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि सर्वाधिक महिला एवं बाल विकास विभाग 3584 इसके पश्चात राजस्व 781, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के 625, खाद्य नागरिक आपूर्ति के 506, गृह विभाग के 297, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के 198, स्कूल शिक्षा विभाग के 197, पंचायत एवं ग्रामीण विकास के 73, नगरीय निकाय के 82, कृषि विभाग के 40, श्रम व सामान्य प्रशासन विभाग के 30-30 आवेदन लंबित है इस प्रकार कुल 6592 आवेदन लंबित है।

ग्रेडिंग मंथ जनवरी माह की कुल 1455 शिकायते लंबित है जिसमें सर्वाधिक लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा की 275, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की 262, राजस्व की 237, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की 103, नगरीय निकाय की 91, गृह विभाग की 84, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 51, जल संसाधन विभाग की 49, ऊर्जा व स्कूल शिखा विभाग की क्रमशः 39-39, वन की 41, महिला एवं बाल विकास विभाग की 30,श्रम की 22, सूचना एवं प्रौद्योगिकी की 27, अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की 17, कृषि विभाग की 13, सामान्य प्रशासन की 17, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की दस इसके अलावा अन्य विभागो की सिंगल डिजिट में शिकायते दर्ज है।

# कमलदीप अकादमी में वार्षिक उत्सव संपन्न





गंजबासौदा। स्थानीय कमलदीप अकादमी में आयोजित वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया मां सरस्वती की आराधना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ छात्र-छात्राओं ने अतिथि सत्कार गीत पर जोरदार प्रस्तुति देकर उपस्थित जन समुदाय का मन मोह लिया ,कार्यक्रम में अतिथि समाजसेवी डॉ ए के जैन, गणेश राम रघुवंशी जिला अध्यक्ष मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन विदिशा, वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ कुमार जैन ,ठाकुर महेंद्र सिंह पूर्व प्राचार्य प्रयाग नारायण भार्गव, संस्था सचिव श्रीमती मंजू जैन, नीलेश चतुर्वेदी अध्यक्ष अशासकीय शिक्षक संघरवृंजेद्र सिंह रघुवंशी दीपक निगम निर्मल जैन आदि ने उपस्थित पालकों एवं नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं को प्रेरणा दायक उद्बोधन दिया साथ ही भव्य आयोजन के लिए, समस्त स्टाफ को बधाई दी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोक नृत्य, देश भक्ति गीत, भारतीय संस्कृति के गीतों पर मंचन किया वर्ष भर आयोजित विभिन्न क्रियाकलापों एवं प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे 162 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र मेटल मोमेंटो से पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम का संचालन प्राची खान एवं मान्य जैन ने किया कार्यक्रम में आए सभी अतिथि एवं पालकगण का आभार प्रधानाचार्य राम मनोहर सिंह ने किया।

## पुलिस ने सीएम हेल्पलाइन शिविर का किया आयोजन



**गंजबासौदा।** शहर में आज थाना में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पेंडिंग शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने समस्त डीजे वालों से मीडिया के माध्यम से आग्रह किया कि वह परीक्षाओं के दिनों में तय मानकों के अनुसार ही अपने डीजे कार्य का संचालन करें जिससे कि परीक्षार्थी अपनी परीक्षा बिना कोई व्यवधान के दे सकें मीडिया से चर्चा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया सीएम हेल्पलाइन शिविर के आयोजन में संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं कि सभी लंबित आवेदनों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करें।

सामाजिक सुरक्षा योजना आदि से जुड़े प्रकरणों पर भी ध्यान दिया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य यह भी है कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान प्रभावी ढंग से करना और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुगम बनाना। शिविर के दौरान एसडीओपी मनोज मिश्रा शहर थाना प्रभारी योगेंद्र परमार देहात थाना प्रभारी हरिकिशन लोहिया एव यातायात प्रभारी आशीष राय एवं दोनों थाने का स्टाफ उपस्थित रहा।


**पश्चिम रेलवे - भावनगर मंडल**

**विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य**

| क्र.सं. | ई-निविदा सं. एवं कार्य का नाम | निविदा मूल्य (रु.) | ईएमडी रु. |
|---|---|---|---|
| 1 | 218-2024-25 | 4,09,26,292.08 | 3,54,600.00 |
| | समूह कार्य: (1) धारी-विसावदर (एमजी) खंड-टीएसआर (एस) 17 किलोमीटर। (2) अमरेली-चलाला और विसावदर तलाला (एमजी) खंड-टीएसआर (एस) 12 किलोमीटर। (3) खिजड़िया- वेरावल सेक्शन (एमजी) सेक्शन टर्नआउट नवीनीकरण के माध्यम से | | |
| 2 | 219/2024-25 | 2,13,03,818.55 | 2,56,500.00 |
| | अमरेली-चलाला खंड (एमजी) खंड: सीटीआर (एस) 8.7 किमी ( किमी.19 - 8 से 28-5) | | |
| 3 | 220-2024-25 | 82,04,369.49 | 1,64,100.00 |
| | अमरेली-धारी सेक्शन (एमजी) सेक्शन सीटीआर (एस) 3.27 किलोमीटर (किमी 28.5 से 31.77) | | |

**उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए: बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 24/02/2025 . **बोली बंद होने की तिथि:** 10/03/2025 एनआईटी रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर **दिनांक : 14/02/2025** को अपलोड कर दी गई है। 200

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly



**कार्यालय नगर पालिक, निगम भोपाल यांत्रिकी विभाग जोन क्रं.21**

**निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र**

**क्रमांक 284 यां.वि./2025** **भोपाल दिनांक :-17/2/2025**

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्वति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंर्तगत पंजीकृत ठेकेदार पर्सेटेंज मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रीत की जाती है।

| क्रं. | अनालाईन निविदा क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | ठेकेदार श्रेणी पी. डब्लयू डी पंजीकरण | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ. आर. | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD_403122_1 | Devlompment of Community Shed Near Jhulelal Mandir Saraswati Nagar Ward 32 Zone 21 | 262123/- | 2621/- | 2000/- | C''class asper Centralized Registration Systen of mppwd | MPUADD BUILDING ISS 2021 | 02 माह |
| 02 | 2025_UAD_403070_1 | Providing and Fixing of Paver Blocl and Repair of Boundray Wall and Other Works Nera TT Nagar Thana Ward 32 Zone 21 | 513784/- | 5138/- | 2000/- | C''class asper Centralized Registration Systen of mppwd | MPUADD BUILDING ISS 2021 | 02 माह |
| 03 | 2025_UAD_403068_1 | Devlompment of Chabutra Near Dev Boutique, Dwarkapuri Ward 32 Zone-21 | 96640/- | 1933/- | 1000 | C''class asper Centralized Registration Systen of mppwd | MPUADD BUILDING ISS 2021 | 01 माह |
| 04 | 2025_UAD_403067_1 | Providing and Fixing of Interlocking Paver Block Near Yadav Samaj Bhawan, Near Bikaner Sweets Ward 32 Zone 21 | 430269/- | 4303/- | 2000 | C''class asper Centralized Registration Systen of mppwd | MPUADD BUILDING ISS 2021 | 02 माह |

Interested bidders can view the NIT on website http:// www.mptenders.gov.in/ The Bid Document can be purchased only online from 11:00 (Time) (18.02.2025) to 17:30 P.M. (04.03.2025) Amendments to Nit, if any, would be published on website http:// www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper

नि.क्र. 1322/024-25 सहायक यत्री (सिविल)जोन क्रं-21 नगर निगम, भोपाल